श्री सरस्वती चालीसा

Shri Saraswati Chalisa

Source: npm registry — hindu-devotional-texts 0.8.0 and MIT reuse source. Also compared: npm registry — integrity-pinned hindu-devotional-texts 0.8.0 tarball; Internet Archive — 51 Chalisa Sangrah, Saraswati Chalisa printed pages 192–195 (comparison only).

OPENING DOHA 1

जनक जननि पद कमल रज, निज मस्तक पर धारि।
बन्दौं मातु सरस्वती, बुद्धि बल दे दातारि॥

janaka janani pada kamala raja, nija mastaka para dhāri|
bandauṃ mātu sarasvatī, buddhi bala de dātāri||

OPENING DOHA 2

पूर्ण जगत में व्याप्त तव, महिमा अमित अनंतु।
रामसागर के पाप को, मातु तुही अब हन्तु॥

pūrṇa jagata meṃ vyāpta tava, mahimā amita anaṃtu|
rāmasāgara ke pāpa ko, mātu tuhī aba hantu||

CHAUPAI 1

जय श्री सकल बुद्धि बलरासी।
जय सर्वज्ञ अमर अविनासी॥

jaya śrī sakala buddhi balarāsī|
jaya sarvajña amara avināsī||

CHAUPAI 2

जय जय जय वीणाकर धारी।
करती सदा सुहंस सवारी॥

jaya jaya jaya vīṇākara dhārī|
karatī sadā suhaṃsa savārī||

CHAUPAI 3

रूप चतुर्भुजधारी माता।
सकल विश्व अन्दर विख्याता॥

rūpa caturbhujadhārī mātā|
sakala viśva andara vikhyātā||

CHAUPAI 4

जग में पाप बुद्धि जब होती।
जबहि धर्म की फीकी ज्योति॥

jaga meṃ pāpa buddhi jaba hotī|
jabahi dharma kī phīkī jyoti||

CHAUPAI 5

तबहि मातु ले निज अवतारा।
पाप हीन करती महि तारा॥

tabahi mātu le nija avatārā|
pāpa hīna karatī mahi tārā||

CHAUPAI 6

बाल्मीकि जी थे हत्यारा।
तव प्रसाद जानै संसारा॥

bālmīki jī the hatyārā|
tava prasāda jānai saṃsārā||

CHAUPAI 7

रामायण जो रचे बनाई।
आदि कवि की पदवी पाई॥

rāmāyaṇa jo race banāī|
ādi kavi kī padavī pāī||

CHAUPAI 8

कालिदास जो भये विख्याता।
तेरी कृपा दृष्टि से माता॥

kālidāsa jo bhaye vikhyātā|
terī kṛpā dṛṣṭi se mātā||

CHAUPAI 9

तुलसी सूर आदि विद्वाना।
भये और जो ज्ञानी नाना॥

tulasī sūra ādi vidvānā|
bhaye aura jo jñānī nānā||

CHAUPAI 10

तिन्हहिं न और रहेउ अवलम्बा।
केवल कृपा आपकी अम्बा॥

tinhahiṃ na aura raheu avalambā|
kevala kṛpā āpakī ambā||

CHAUPAI 11

करहु कृपा सोइ मातु भवानी।
दुखित दीन निज दासहि जानी॥

karahu kṛpā soi mātu bhavānī|
dukhita dīna nija dāsahi jānī||

CHAUPAI 12

पुत्र करै अपराध बहूता।
तेहि न धरइ चित सुन्दर माता॥

putra karai aparādha bahūtā|
tehi na dharai cita sundara mātā||

CHAUPAI 13

राखु लाज जननी अब मेरी।
विनय करूं बहु भाँति घनेरी॥

rākhu lāja jananī aba merī|
vinaya karūṃ bahu bhām̐ti ghanerī||

CHAUPAI 14

मैं अनाथ तेरी अवलंबा।
कृपा करउ जय जय जगदंबा॥

maiṃ anātha terī avalaṃbā|
kṛpā karau jaya jaya jagadaṃbā||

CHAUPAI 15

मधु कैटभ जो अति बलवाना।
बाहुयुद्ध विष्णु ते ठाना॥

madhu kaiṭabha jo ati balavānā|
bāhuyuddha viṣṇu te ṭhānā||

CHAUPAI 16

समर हजार पांच में घोरा।
फिर भी मुख उनसे नहिं मोरा॥

samara hajāra pāṃca meṃ ghorā|
phira bhī mukha unase nahiṃ morā||

CHAUPAI 17

मातु सहाय भई तेहि काला।
बुद्धि विपरीत करी खलहाला॥

mātu sahāya bhaī tehi kālā|
buddhi viparīta karī khalahālā||

CHAUPAI 18

तेहि ते मृत्यु भई खल केरी।
पुरवहु मातु मनोरथ मेरी॥

tehi te mṛtyu bhaī khala kerī|
puravahu mātu manoratha merī||

CHAUPAI 19

चंड मुण्ड जो थे विख्याता।
छण महुं संहारेउ तेहि माता॥

caṃḍa muṇḍa jo the vikhyātā|
chaṇa mahuṃ saṃhāreu tehi mātā||

CHAUPAI 20

रक्तबीज से समरथ पापी।
सुर-मुनि हृदय धरा सब कांपी॥

raktabīja se samaratha pāpī|
sura-muni hṛdaya dharā saba kāṃpī||

CHAUPAI 21

काटेउ सिर जिम कदली खम्बा।
बार बार बिनवउं जगदंबा॥

kāṭeu sira jima kadalī khambā|
bāra bāra binavauṃ jagadaṃbā||

CHAUPAI 22

जग प्रसिद्ध जो शुंभ निशुंभा।
छिन में बधे ताहि तू अम्बा॥

jaga prasiddha jo śuṃbha niśuṃbhā|
china meṃ badhe tāhi tū ambā||

CHAUPAI 23

भरत-मातु बुधि फेरेउ जाई।
रामचन्द्र बनवास कराई॥

bharata-mātu budhi phereu jāī|
rāmacandra banavāsa karāī||

CHAUPAI 24

एहि विधि रावन वध तुम कीन्हा।
सुर नर मुनि सब कहुं सुख दीन्हा॥

ehi vidhi rāvana vadha tuma kīnhā|
sura nara muni saba kahuṃ sukha dīnhā||

CHAUPAI 25

को समरथ तव यश गुन गाना।
निगम अनादि अनंत बखाना॥

ko samaratha tava yaśa guna gānā|
nigama anādi anaṃta bakhānā||

CHAUPAI 26

विष्णु रुद्र अज सकहिं न मारी।
जिनकी हो तुम रक्षाकारी॥

viṣṇu rudra aja sakahiṃ na mārī|
jinakī ho tuma rakṣākārī||

CHAUPAI 27

रक्त दन्तिका और शताक्षी।
नाम अपार है दानव भक्षी॥

rakta dantikā aura śatākṣī|
nāma apāra hai dānava bhakṣī||

CHAUPAI 28

दुर्गम काज धरा पर कीन्हा।
दुर्गा नाम सकल जग लीन्हा॥

durgama kāja dharā para kīnhā|
durgā nāma sakala jaga līnhā||

CHAUPAI 29

दुर्ग आदि हरनी तू माता।
कृपा करहु जब जब सुखदाता॥

durga ādi haranī tū mātā|
kṛpā karahu jaba jaba sukhadātā||

CHAUPAI 30

नृप कोपित जो मारन चाहै।
कानन में घेरे मृग नाहै॥

nṛpa kopita jo mārana cāhai|
kānana meṃ ghere mṛga nāhai||

CHAUPAI 31

सागर मध्य पोत के भंगे।
अति तूफान नहिं कोऊ संगे॥

sāgara madhya pota ke bhaṃge|
ati tūphāna nahiṃ koū saṃge||

CHAUPAI 32

भूत प्रेत बाधा या दुःख में।
हो दरिद्र अथवा संकट में॥

bhūta preta bādhā yā duḥkha meṃ|
ho daridra athavā saṃkaṭa meṃ||

CHAUPAI 33

नाम जपे मंगल सब होई।
संशय इसमें करइ न कोई॥

nāma jape maṃgala saba hoī|
saṃśaya isameṃ karai na koī||

CHAUPAI 34

पुत्रहीन जो आतुर भाई।
सबै छांड़ि पूजें एहि माई॥

putrahīna jo ātura bhāī|
sabai chāṃḍ़<nukta>i pūjeṃ ehi māī||

CHAUPAI 35

करै पाठ नित यह चालीसा।
होय पुत्र सुन्दर गुण ईसा॥

karai pāṭha nita yaha cālīsā|
hoya putra sundara guṇa īsā||

CHAUPAI 36

धूपादिक नैवेद्य चढ़ावै।
संकट रहित अवश्य हो जावै॥

dhūpādika naivedya caḍ़h<nukta>āvai|
saṃkaṭa rahita avaśya ho jāvai||

CHAUPAI 37

भक्ति मातु की करै हमेशा।
निकट न आवै ताहि कलेशा॥

bhakti mātu kī karai hameśā|
nikaṭa na āvai tāhi kaleśā||

CHAUPAI 38

बंदी पाठ करें शत बारा।
बंदी पाश दूर हो सारा॥

baṃdī pāṭha kareṃ śata bārā|
baṃdī pāśa dūra ho sārā||

CHAUPAI 39

करहु कृपा भवमुक्ति भवानी।
मो कहं दास सदा निज जानी॥

karahu kṛpā bhavamukti bhavānī|
mo kahaṃ dāsa sadā nija jānī||

CLOSING DOHA 1

माता सूरज कान्ति तव, अंधकार मम रूप।
डूबन ते रक्षा करहु, परूं न मैं भव-कूप॥

mātā sūraja kānti tava, aṃdhakāra mama rūpa|
ḍūbana te rakṣā karahu, parūṃ na maiṃ bhava-kūpa||

CLOSING DOHA 2

बल बुद्धि विद्या देहुं मोहि, सुनहु सरस्वति मातु।
अधम रामसागरहिं तुम, आश्रय देउ पुनातु॥

bala buddhi vidyā dehuṃ mohi, sunahu sarasvati mātu|
adhama rāmasāgarahiṃ tuma, āśraya deu punātu||

Source licence notice (it travels with every copy of this text):

MIT License

Copyright (c) 2026 Ishank Gupta and contributors to hindu-devotional-texts

Permission is hereby granted, free of charge, to any person obtaining a copy of this software and associated documentation files (the "Software"), to deal in the Software without restriction, including without limitation the rights to use, copy, modify, merge, publish, distribute, sublicense, and/or sell copies of the Software, and to permit persons to whom the Software is furnished to do so, subject to the following conditions:

The above copyright notice and this permission notice shall be included in all copies or substantial portions of the Software.

THE SOFTWARE IS PROVIDED "AS IS", WITHOUT WARRANTY OF ANY KIND, EXPRESS OR IMPLIED, INCLUDING BUT NOT LIMITED TO THE WARRANTIES OF MERCHANTABILITY, FITNESS FOR A PARTICULAR PURPOSE AND NONINFRINGEMENT. IN NO EVENT SHALL THE AUTHORS OR COPYRIGHT HOLDERS BE LIABLE FOR ANY CLAIM, DAMAGES OR OTHER LIABILITY, WHETHER IN AN ACTION OF CONTRACT, TORT OR OTHERWISE, ARISING FROM, OUT OF OR IN CONNECTION WITH THE SOFTWARE OR THE USE OR OTHER DEALINGS IN THE SOFTWARE.